हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 31 मार्च 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री


नाव संचालन की अनुमति नहीं मिलने पर नाविकों की क्रमिक भूख हड़ताल जारी

4




## खबर संक्षेप

### बाहर निकलने से पहले चेहरे स्कार्फ व गमछा जरूर लगाएं

**जांजगीर-चांपा।** इन दिनों गर्मी ने पूरे तेवर दिखाने शुरू कर दिए है। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार जहां तक संभव हो तेज धूप में बाहर निकलने से बचें, खासकर दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच। प्यास न लगने पर भी नियमित अंतराल पर पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें तथा यात्रा के दौरान हमेशा पीने का पानी साथ रखें। हल्के रंग के, ढीले और सूती कपड़े पहनें तथा धूप में निकलते समय सुरक्षात्मक चश्मा, छाता या टोपी का उपयोग करें। सिर को ढकने के लिए तौलिया या कपड़ा तथा पैरों में जूते या चप्पल पहनना आवश्यक बताया गया है। चिलचिलाती धूप में अधिक ऊर्जा और शक्ति लगने वाली गतिविधियों से बचने की सलाह दी गई है। यदि बाहर काम करना अनिवार्य हो, तो सिर को ढकने के लिए गीले कपड़े या छाते का उपयोग करें। आहार में हल्का भोजन शामिल करें और पानी की मात्रा से भरपूर फल जैसे खरबूजा, ककड़ी और खट्टे फल का सेवन करें। मांस और नट्स जैसे उच्च प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थों से परहेज करें।

### बरमबावा मंदिर में 2 को मनाया जाएगा हनुमान प्राकट्य उत्सव

**जांजगीर-चांपा।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के पराक्रमी भगत संकट मोचन हनुमान का प्राकट्य उत्सव गुरुवार 2 अप्रैल को पुरानी बस्ती बरमबावा मंदिर जांजगीर में मनाया जाएगा। आयोजक शिव शंकर सेवा समिति पुरानी बस्ती जांजगीर के सदस्यो ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर बड़ी संख्या में ज्योत कलश प्रज्वलित किया जायेगा और उक्त दिवस संध्या आरती के साथ भजन कीर्तन का भी आयोजन होगा। मंदिर के पुजारी पं शिव कुमार शर्मा ने बताया कि जो भी भक्त सच्चे मन से हनुमान जी की पूजा अर्चना करते है उनकी सभी मनोकामना पूरी होती है।

### बाल भविष्य सुरक्षा योजना, प्राक्चयन परीक्षा के लिए आवेदन 17 तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रदेश के प्रतिभावान विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट तथा एनडीए की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने हेतु तैयारी करायी जाती है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु राज्य में मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत प्रयास आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं। वर्ष 2026-27 में प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु 17 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसी प्रकार आवेदन पत्र में त्रुटि सुधार हेतु 18 अप्रैल से 21 अप्रैल तक, जिला स्तर पर दस्तावेजों का परीक्षण 22 अप्रैल से 28 अप्रैल तक, प्रवेश पत्र डाउनलोड की तिथि 1 मई से 9 मई तक एवं प्राक्चयन परीक्षा की तिथि 10 मई को निर्धारित की गई है।

**नक्सलवाद का खात्मा** — एसपी एसटीएफ रहते कर्रेगट्टालू हिल्स पर 35 दिनों तक चले ऑपरेशन का किया था नेतृत्व

# निर्णायक मोड़ पर जिले के पुलिस कप्तान ने संभाला था मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बस्तर ही नहीं देश भर से नक्सलवाद के खात्म की डेडलाइन 31 मार्च तय है। इस दौरान बीते करीब तीन दशक तक चले इस संघर्ष के दौर को याद करें तो सैकडों जवानों ने अपनी शहादत दी है। खास बात यह है कि केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा नक्सलवाद के खात्मे के लिए 31 मार्च 2026 की तिथि तय करने के बाद जो निर्णायक ऑपरेशन बस्तर के धूर नक्सली क्षेत्र में चलाया गया, उसका नेतृत्व एसटीएफ के तत्कालीन एसपी जिले के पुलिस कप्तान विजय कुमार पाण्डेय ने किया। 35 दिनों तक चले इस ऑपरेशन के बाद फोर्स नक्सलियों के अभेद गढ़ कर्रेगट्टालू हिल्स (केजीएच) में घुसी तो उनका मनोबल टूटा फिर यहीं से बडे नक्सली नेताओं के खात्मे और आत्मसमर्पण का सिलसिला शुरू हुआ।




नक्सल प्रभावित क्षेत्र में तैनाती के दौरान झीरम घाटी में गश्त लगाते विजय कुमार पाण्डेय।

देश के गृहमंत्री अमित शाह की घोषणा के बाद नक्सलियों के अभेद गढ़ छत्तीसगढ़ और तेलगांना बार्डर पर कर्रेगट्टालू हिल्स में एसटीएफ और बीएसएफ के साथ जवानों की संयुक्त टीम ने 10 अप्रैल 2025 को निर्णायक लड़ाई की शुरूआत की। जिले के पुलिस कप्तान विजय कुमार पाण्डेय बताते है कि उस समय वे पुलिस अधीक्षक एसटीएफ का दायित्व संभाल रहे थे और एसपी एसटीएफ को ही इस ऑपरेशन का जिम्मा सौंपा गया था। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ और तेलगांना बार्डर पर कर्रेगट्टालू हिल्स (केजीएच) नक्सलियों का अभेद ठिकाना था, वहां घनघोर जंगल और पहाड़ियों के बीच पहुंच पाना मुश्किल ही नहीं जोखिम भरा था। ऐसे में इस ऑपरेशन में सेना की मदद भी ली गई। 10 अप्रैल को इस ऑपरेशन का आगाज करते हुए सेना के हेलीकॉप्टर से फोर्स को केजीएच हिल्स पर उतारा गया। इसके साथ ही रणनीति के तहत तोपों से बमबारी की गई। ऐसे विपरीत समय में ऑपरेशन लंबा चला तो राशन ही नहीं पानी तक की सप्लाई हेलीकॉप्टर से होती थी। यह ऑपरेशन पूरे 35 दिनों तक चलाया गया। इस दौरान तकरीबन 31 नक्सली मारे गए। नक्सलियों के अभेद गढ में घुसकर फोर्स ने माह भर से अधिक समय तक निर्णायक लड़ाई लड़ी तो नक्सलियों के कई लीडर मारे गए और यही से नक्सलियों के बडे नेताओं के आत्मसमर्पण करने का सिलसिला शुरू हुआ। बताया जाता है कि नक्सलियों का यह अभेद गढ़ फतह हुआ तो उनका मनोबल टूट गया।

### लगातार पांच दिनों तक तोप से दागे गोले

एसपी श्री पाण्डेय ने बताया कि नक्सलियों के खिलाफ कर्रेगट्टालू हिल्स पर निर्णायक लड़ाई लडने दिल्ली में इंटेलीजेंस ब्यूरो (डीआईबी) के साथ रणनीति बनाई गई, जिसके लिए वे दिल्ली गए थे, वहां डीआईबी के अफसरों के साथ यहां की परिस्थितियों और भौगोलिक स्थितियों के बारे में अवगत कराया गया। जिस पर मुख्यतः तीन बिन्दुओं पर फोकस किया गया। पहला पाइंट तोपों से लगातार बमबारी दूसरा ग्राउंड स्तर पर फोर्स को घुसने की और तीसरा पाइंट हिल्स पर कैंप लगातार डटे रहने की। इसके लिए सेना की मदद से हेलीकॉप्टर से जवानों की लिफ्टिंग और तोप से गोला बारी करने की रणनीति बनी। इसके तहत 801 एमएम तोप के गोले लगातार पांच दिनों तक दागे गए। तोप से गोलीबारी लगातार सुबह शाम की गई। जिससे नक्सली भागने लगे, तब ग्राउंड स्तर पर घुसी फोर्स से उनका मुठभेड होता। इसके बाद जवान हिल्स पर कैंप लगाकर डटे रहे। ऐसे समय में जवानों को लाने जे जाने का काम हेलीकॉप्टर से होता ही साथ ही राशन के साथ साथ पेयजल तक की आपूर्ति हेलीकॉप्टर से ही करनी पड़ती। यह ऑपरेशन पूरे 35 दिनों तक चला था।

### नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ में जिले के दो सब इंस्पेटर समेत आधा दर्जन जवानों की हुई थी शहादत



देशभक्ति और जनसेवा की भावना लेकर पुलिस में भर्ती हुए जांजगीर चांपा जिले के वीर सपूतों ने भी नक्सली हमले में अपनों प्राणों की आहूति दी है। जांजगीर चांपा जिले के दो उप निरीक्षक सहित आधा दर्जन जवान बीते ढाई दशक से चल रहे पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड में शहीद हुए है। इनमें ग्राम सिवनी नैला निवासी प्रधान आरक्षक राम शंकर पांडे बीजापुर जिले के पामेड मे पदस्थ थे। नक्सली हमले में जवान राम शंकर पांडे शहीद हो गए उनकी शहादत 2 नवंबर 2007 को हुई। इसी प्रकार नवागढ़ क्षेत्र के ग्राम महंत निवासी आरक्षक रामकुमार कश्यप बीजापुर जिले के आवापल्ली क्षेत्र में हुई थी। नक्सली हमले के के दौरान 2 अगस्त 2014 को वे शहीद हो गए। जिला मुख्यालय जांजगीर के प्रधान आरक्षक ललित खरसन सीआरपीएफ कोबरा बटालियन जगदलपुर में सदस्य थे। उनकी सेवाएं जगदलपुर क्षेत्र के चिंता गुफा क्षेत्र में चल रही थी। इस बीच नक्सली हमले के दौरान 18 सितंबर 2009 को शहीद हो गए। जांजगीर शहर के ही वार्ड नंबर 17 निवासी लोकेश टंडन विशेष शाखा रायपुर में उप निरीक्षक के पद पर पदस्थ थे। नारायणपुर एवं कांकेर के बीच में हुए नक्सली हमले के दौरान 25 मई 2011 को शहीद हो गए। ग्राम पूछेली निवासी समय लाल कंवर 11वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में आरक्षक के पद पर थे उनकी ड्यूटी सुकमा जिले के चिंता गुफा क्षेत्र में लगी हुई थी वर्ष 2013 के 12 मई को नक्सली हमले में उन्होंने अपनी प्राणों की आहुति दी। ग्राम सोनसरी निवासी उप निरीक्षक रुद्र प्रताप सिंह जिला दंतेवाड़ा में छत्तीसगढ़ पुलिस में उप निरीक्षक थे। दंतेवाड़ा जिले के ग्राम समेली नीला वाया क्षेत्र में नक्सली एवं जवानों के बीच हुए मुठभेड में उप निरीक्षक रुद्र प्रताप सिंह नक्सलियों से लोहा लेते हुए वीरगति को प्राप्त किया।

### ऑपरेशन के बाद संभाली जिले की कमान

एसपी एसटीएफ रहते श्री पाण्डेय का स्थानांतरण जांजगीर चांपा के पद पर हुआ, लेकिन उसी समय ऑपरेशन कुर्रेगट्टालू हिल्स शुरू हुआ था। जिसका नेतृत्व श्री पाण्डेय स्वयं कर रहे थे। ऐसे समय में स्थानांतरण के बाद भी वे मोर्चे पर डटे रहे और ऑपरेशन पूर्ण होने के पश्चात ही वे कार्यमुक्त होकर जांजगीर पहुंचे। तत्पश्चात यहां का चार्ज लिया।

### अब नहीं होंगे...

*कटे हुए गले, चिथड़े हुए शरीर, बिखरे हुए शव, अब नहीं होंगे...गोलियों से छलनी सीना,बारूद से उड़े पैर, स्पाइक से बिंधे तलुए, अब नहीं होंगे... खून से सनी सड़कें, वायर बिछी हुई राहें, टूटे हुए पुल, अब नहीं होंगे...हवा मे बारूद की गंध, पेड़ों पर धोखे का समान, पानी मे जहर, अब नहीं होंगे...बूढ़ी मां के सूखे आंसू, पत्नी की चित्कार, बाप का गुमसुम चेहरा, अब नहीं होंगे...बच्चों के फुले हुए पेट, कांवर मे आते हुए बीमार, इलाज की लाचारी, अब नहीं होंगे...100 जगह कटी हुई सड़क, टूटे हुए स्कूल, ध्वस्त बिजली के खम्भे, अब नहीं होंगे...साल के पत्तों की सरसराहट, हवा मे महुए की खुश्बू, झरने के गिरने का दृश्य, अब होंगे... स्कूलो से आती पहाड़े की आवाजे, राहों मे चलते पहिये, रोशन होते गांव, अब होंगे...निर्भय घूमते लोग, पुस्तक पकड़े बच्चे, मुस्कराती माताएं, अब होंगे...*

# पीडीएस दुकान की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

जैजैपुर क्षेत्र के सेवा सहकारी समिति मुक्ता में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान की लचर व्यवस्था से उपभोक्ता परेशान है। ज्यादातर उपभोक्ताओं को चावल आबंटन नहीं होने की बात कहकर उन्हें वापस कर दिया जाता है। इस पर कार्रवाई नहीं होने से संबंधितों के हौसले बुलंद है।

ज्ञात हो कि सेवा सहकारी समिति मुक्ता में सार्वजनिक विचरण प्रणाली व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं में व्यापक असंतोष देखा जा रहा है। हर माह अधिकतर उपभोक्ताओं को चावल आवंटन नहीं आया है। कह कर उन्हें इस व्यवस्था से वंचित किया जाता है। वही व्यवस्था से जुड़े विक्रेता द्वारा व्यापक अनियमितता कर पूर्व में 60 क्वि चावल 20 क्विंटल शक्कर 50 नमक का अपरा तफरी करने के आरोप में दोष सिद्ध होने के बाद भी विभागीय संरक्षण प्रदान कर उसे समिति एवं विभाग के द्वारा पद पर यथावत रखा गया है। संबंधित विक्रेता के ऊपर लगे आरोपों की जांच भी अधिकारियों ने किया और दोषी भी पाया उसे 8 अगस्त 2025 को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सक्ती के द्वारा नोटिस भी जारी किया गया परंतु उस पर कोई भी कार्यवाही नहीं की गई। जिससे उसके हौसले बुलंद है। इतना नहीं उक्त विक्रेता के द्वारा अपने जगह में गांव के ही एक युवक को सार्वजनिक वितरण प्रणाली संचालन व्यवस्था में लगा रखा है और अपने कार्य से महिनो गायब रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विक्रेता द्वारा हर महीने चावल का वितरण नहीं किया जाता। इस बारे में जब वे विक्रेता से पूछते है तो चावल आबंटन नहीं आया कहकर वापस कर दिया जाता है।




### कार्ड की कराएंगे जांच

जिन उपभोक्ताओं को किन कारणों से चावल नहीं मिल पा रहा है। उनके राशन कार्डो की जांच की जाएगी। जांच के बाद ही मामलों का निराकरण किया जाएगा।

-सुमेत जायसवाल, खाद्य निरीक्षक जैजैपुर

# मारपीट मामले में लापरवाही: अकलतरा के उप निरीक्षक को किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

मारपीट मामले में रिपोर्ट लिखने के बजाए दोनों पक्षों पर दबाव बनाकर समझौता कराने के मामले में उप निरीक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मामला अकलतरा थाना का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना अकलतरा में पदस्थ उप निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई मारपीट की शिकायत पर विधिसम्मत कार्रवाई न करने के कारण की गई।

**खास बात**

- निलंबन अवधि के दौरान नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की रहेगी पात्रता

प्राप्त जानकारी के अनुसार 27 मार्च की रात्रि लगभग 8 बजे ग्राम रोगदा निवासी आवेदक प्रकाश नोरगे ने विनोद एवं अन्य के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराने थाना अकलतरा पहुंचा था। आरोप है कि उस समय थाने में मौजूद उप निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू ने मामले में तत्काल विधिसम्मत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध नहीं किया, बल्कि दोनों पक्षों पर दबाव बनाकर थाने में ही समझौता करा दिया।प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए विभागीय जांच में प्रथम दृष्टया यह पाया गया कि संबंधित अधिकारी द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती गई है। इसी के आधार पर उच्च अधिकारियों ने कड़ी कार्रवाई करते हुए उप निरीक्षक को निलंबित कर रक्षित केन्द्र जांजगीर-चांपा संबद्ध कर दिया है। निलंबन अवधि के दौरान उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी। इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में अनुशासन और जवाबदेही को लेकर सख्त संदेश गया है।

# दहेज प्रताड़ना और मारपीट करने वाला पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

दहेज प्रताडना एवं मारपीट मामले में आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता की शादी वर्ष 2024 में रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही आरोपी पति द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा। इस संबंध में पीड़िता ने पूर्व में भी दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया था। कुछ समय पश्चात मामला माननीय न्यायालय में चलने के दौरान पति पत्नी के बीच आपसी सुलह के बाद दोनों पुनः साथ रहने लगे, किन्तु आरोपी का व्यवहार नहीं बदला। पीड़िता के साथ आरोपी ने मारपीट की और उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन अप्राकृतिक कृत्य करते हुए दैहिक शोषण किया। पीड़िता की शिकायत पर थाना चांपा पुलिस ने तत्काल अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिलाओं के विरुद्ध किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

**बम्हनीडीह के निवासियों ने की निष्पक्ष जांच की मांग**

# बगैर अनुमति के ही नगर में रातों-रात लगाई जा रही स्ट्रीट लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह में बगैर अनुमति के रातों रात स्ट्रीट लाइट लगाया जा रहा है। इस पूरे मामले को आगामी दिनों में होने वाले नगर पंचायत के चुनाव के जोड़कर देखा जा रहा है। नगरवासियों ने अधिकारी से निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग की है।

नवगठित नगर पंचायत बम्हनीडीह में आगामी 2 से 3 महीनों में चुनाव होने है। इस बीच चुनाव को लेकर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के संभावित प्रत्याशी सक्रिय हो गए है। वार्ड क्रमांक 4 राम जानकी मंदिर वार्ड में बगैर किसी अनुमति के रातों-रात हजारों रुपए की स्ट्रीट लाइट लगवाने और शिव मंदिर के जीर्णोद्धार का वादा किए जाने का मामला सामने आया है। इस घटना ने पूरे नगर में चर्चा का विषय बना दिया है। नियमानुसार नगर पंचायत में स्ट्रीट लाइट लगाने के पूर्व बिजली विभाग से अनुमति लेना आवश्यक रहता है। इसके लिए संबंधित विभाग को पहले आवेदन देना पड़ता है, लेकिन इस तरह की अनुमति नहीं ली गई है। लोगों ने यह भी कहा कि अक्सर मतदाता छोटे-छोटे लालच में आकर गलत उम्मीदवार का चयन कर लेते हैं, जिसका खामियाजा उन्हें पूरे पांच साल तक भुगतना पड़ता है इससे विकास कार्य प्रभावित होते हैं। सूत्रों के अनुसार, संबंधित युवा द्वारा बिना किसी आधिकारिक अनुमति के स्ट्रीट लाइट लगवाकर जनता के बीच अपनी छवि मजबूत करने की कोशिश की जा रही है। बम्हनीडीह के लोगों ने इस मामले को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं रिर्टनिंग अधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने फ्लाइंग स्क्वॉड और निगरानी टीमों को पहले से सक्रिय करने की मांग की ताकि पूरा मामला सामने आ सके। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में हुए नगरीय निकाय चुनाव के कुछ समय पहले ही नगर पंचायत बम्हनीडीह असितत्व में आया था। ऐसे में यहां चुनाव नहीं हो पाया था। अब यहां आगामी दिनों में नपं का चुनाव होना है।



### नहीं ली गई है अनुमति

हमसे किसी द्वारा कोई अनुमति नहीं लिया गया है। स्ट्रीट लाइट लगवाने हेतु नियमानुसार आवेदन कर विभागीय अनुमति के बाद ही नया कनेक्शन से लाइट की अनुमति दी जाती है।

-अंकित सोनी, एई बिजली विभाग बम्हनीडीह




## खबर संक्षेप



### माँ सर्वमंगला मंदिर में जवारा विसर्जन के साथ समापन हुआ चैत्र नवरात्र

**कोरबा।** चैत्र शुक्ल अष्टमी के अवसर पर मंदिर में विधि-विधान से हवन-पूजन किया गया। मंदिर के प्रबंधक एवं राजपुरोहित नमन पाण्डेय (नन्हा महराज) सपत्नीक यजमान के रूप में उपस्थित रहे। विद्वान पंडितों और आचार्यों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और अग्निहोत्र के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। हवन से उठता सात्विक धुआं पूरे परिसर में फैलकर शुद्धता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता रहा। हवन-पूजन के दौरान विश्व शांति, मानव कल्याण और समाज में सद्भाव स्थापित करने की कामना की गई। राजपुरोहित नमन पाण्डेय ने माता से प्रार्थना करते हुए कहा हे माँ सर्वमंगला! समस्त चर-अचर जगत का कल्याण करें, समाज में शांति और प्रेम का विस्तार हो, नारी शक्ति का सम्मान बढ़े और सनातन धर्म की विजय हो। नवमी तिथि की गोधूली बेला में जवारा कलश की पूजा-अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई। महिलाएं सिर पर जवारा कलश लेकर ढोल-ताशों की गूंज के बीच पवित्र हसदेव घाट पहुंचीं। वहां पारंपरिक विधि से पूजा-अर्चना कर जवारा कलशों का विसर्जन किया गया। जय माता दी के जयकारों से गूंजते वातावरण में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

### हनुमान प्राकट्य उत्सव पर हुआ हनुमान चालीसा पाठ हवन पूजन

**कोरबा।** चैत्र पूर्णिमा 2 अप्रैल को संकट मोचन श्री हनुमान का प्राकट्य उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कोरबा के सर्वमंगलाघाट पर नमामि हसदेव सेवा समिति कार्यक्रम कर रही है। संयोजक ने बताया कि सुबह 11 मौके पर पूजा अर्चना की जाएगी। इसके बाद हनुमान चालीसा का पाठ शुरू होगा, जिसकी आवृति 108 होगी। इस अवसर पर शास्त्र सम्मत यज्ञ हवन की परंपरा भी यहां पर निभाई जाएगी। संध्या 6 बजे इसी घाट पर हसदेव की महा आरती की जायेगी। इसी तरह अनेक स्थानों पर अन्य कार्यक्रम लोगों ने रखे हैं। बांकीमोंगरा में विशाल भंडारा का आयोजन पवन अग्रवाल और उनके परिजनों की ओर से होना। भगवान बालाजी मेहंदीपुर की अनुकंपा और स्मृतिशेष प्रभु दयाल अग्रवाल और इमरती देवी अग्रवाल की प्रेरणा से यह भंडारा दोपहर 12 बजे से 2 अप्रैल को बाकी मोगरा में होगा। पवन अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, उमेश अग्रवाल और परिवार की ओर से कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। क्षेत्र के श्रद्धालुओं से आयोजन में उपस्थिति दर्ज करने का आग्रह किया गया। प्राकट्य उत्सव के लिए कोरबा के अंजनीकुंज, कोसाबाड़ी चौक, हनुमान मंदिर सेक्टर-5 बालकोनगर, कुसमुण्डा-दीपका और अन्य क्षेत्रों में तैयारी की जा रही है।

### जलाराम मंदिर में धूमधाम से मनाया गया भगवान श्रीराम का प्राकट्य उत्सव

**कोरबा।** श्री गुजराती समाज एवं जलाराम सेवा समिति के तत्वाधान में संत श्री जलाराम मंदिर परिसर में रामनवमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे श्रीराम धुन एवं भजन-कीर्तन से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। दोपहर 12 बजे भगवान श्रीराम के प्राकट्य (जन्मोत्सव) का आयोजन विधिवत रूप से किया गया। जैसे ही श्रीराम जन्म का शुभ क्षण आया, पूरा परिसर जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। इसके पश्चात भगवान श्रीराम की विधिवत महाआरती की गई। आरती के बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में श्री गुजराती समाज के सभी सदस्यों एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही, जिससे आयोजन और भी भव्य बन गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिभाव और उत्साह का विशेष माहौल देखने को मिला।

### हत्या करने वाला भाई को आजीवन कारावास की सजा

**कोरबा।** कटघोरा न्यायालय ने हत्या मामले में आरोपी भाई को दोषी ठहराते हुए आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला थाना पाली क्षेत्र का है, जहां आरोपी ने अपनी ही बहन की टंगिया से हमला कर हत्या कर दी थी। चैतराम पण्डो निवासी तेलसरा ललमटिया चौकी चैतमा के विरुद्ध धारा 302 भादवि के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया था। घटना 29 मई 2022 की है, जब आरोपी ने अपनी बहन गीता बाई पर आरोप लगाया कि उसने उसकी पत्नी को शराब पिलाई थी। इसी बात से नाराज होकर उसने गुस्से में आकर टंगिया से बहन के सिर और कनपटी पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण गीता बाई की मौके पर ही मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोपी का अपराध संदेह से परे सिद्ध किया। प्रकरण की सुनवाई के बाद माननीय प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती मधु तिवारी (कटघोरा न्यायालय) ने 25 मार्च को फैसला सुनाते हुए आरोपी को धारा 302 भादवि के तहत दोषी करार दिया। न्यायालय ने उसे आजीवन सश्रम कारावास तथा एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

## समय के अनुसार तय होगी बिजली की कीमत

# अब जल्द टीओडी सिस्टम होगा लागू, स्मार्ट मीटर के उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



अब बिजली का बिल आपके उपयोग के समय पर निर्भर करेगा। पड़ोसी राज्य बिहार में 1 अप्रैल से स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं के लिए लागू होने जा रहे टाइम ऑफ डे (टीओडी) टैरिफ की तर्ज पर प्रदेश में भी टीओडी लागू करने की योजना पर काम शुरु कर दिया गया है। शुरुआत में कामर्शियल उपभोक्ताओं पर टीओडी सिस्टम लागू होगा। जैसे ही स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा होगा घरेलू उपभोक्ताओं को भी टीओडी का लाभ मिलेगा।

छग राज्य विद्युत वितरण कंपनी ने इस प्रणाली को लागू करने की दिशा पर काम शुरु कर दिया है। जिससे उपभोक्ताओं को अपनी खपत बेहतर तरीके से प्रबंधित करने का मौका मिलेगा। टाइम ऑफ डे (टीओडी) टैरिफ का मतलब है कि बिजली की कीमतें समय के अनुसार तय की जाएंगी। जब बिजली की मांग अधिक होती है, तब दरें बढ़ेंगी और कम मांग के समय दरें घटेंगी। ऊर्जा सचिव डा. रोहित यादव ने बताया कि पीक आवर्स के दौरान लोड कम करने के लिए उपभोक्ताओं को रियायत और जागरूकता संदेश भेजने की योजना पर विचार किया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत दिन को तीन अलग-अलग समय स्लॉट में बांटा गया है। इससे करीब 87 लाख स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को अपनी खपत को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली का उपयोग करने पर उपभोक्ताओं को सामान्य दर से 20 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। वहीं, शाम 5 बजे से रात 11 बजे तक बिजली का उपयोग करने पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत चार्ज देना पड़ सकता है। जानकारों की मानें तो उपभोक्ता यदि वाशिंग मशीन, गीजर, पानी की मोटर या प्रेस जैसे भारी उपकरणों का उपयोग दिन के समय करें, तो वे आसानी से बिजली बिल में बचत कर सकते हैं। स्मार्ट मीटर और डिजिटल ऐप्स के जरिए उपभोक्ता अपनी खपत पर नजर रख सकेंगे और सही समय पर उपयोग करके खर्च कम कर पाएंगे।

**स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए अनिवार्य**

यह नियम फिलहाल केवल उन्हीं उपभोक्ताओं पर लागू होगा, जिनके यहां स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगे हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस व्यवस्था से बिजली ग्रिड पर दबाव कम होगा और कटौती की समस्या में भी राहत मिलेगी। यह उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल कम करने का एक बेहतर अवसर साबित हो सकता है।

**स्मार्ट मीटर लगने के बाद टीओडी टैरिफ होगा लागू**

फिलहाल कामर्शियल उपभोक्ताओं पर टीओडी का नियम लागू किया जा रहा है आने वाले समय में जैसे ही प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने का काम पूरा हो जाएगा घरेलू उपभोक्ताओं को भी टीओडी टैरिफ का लाभ मिलेगा। उपभोक्ता दिन के समय वाशिंग मशीन, वॉटर पंप, प्रेस जैसे भारी उपकरणों का उपयोग कर कम टैरिफ का लाभ ले सकेंगे वहीं शाम के बाद पिकआवर के दौरान बढ़े हुए दर पर टैरिफ लागू होगा।

**भीम सिंह कंवर**, एम डी, सीएसपीडीसीएल

### रसोईया पर छात्रावास के छात्र पर हमले का लगा आरोप, प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा थाना अंतर्गत छुरी स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी छात्रावास में नशे में धुत रसोइया ने कक्षा 6वीं के छात्र पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला का आरोप लगाया गया है। वहीं इस मामले को लेकर कटघोरा थाना प्रभारी ने कहा कि छात्रावास प्रबंधन की शिकायत पर रसोईया पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। हमले की बात सामने नहीं आयी है। कटघोरा थाना क्षेत्र के प्री मैट्रिक छात्रावास में पदस्थ रसोइया केसर दुबे शराब के नशे में धुत होकर छात्रावास पहुंचा और रसोईया लकड़ी काट रहा था इस दौरान कुछ छात्र मौके पर पहुंचे थे जहां रसोईया ने बच्चों को वहां से जाने के लिए कहा तो भागने के दौरान कक्षा 6वीं छात्र गिर गया था। जिससे उसके हाथ में चोट आयी है। यह घटना 27 मार्च की बतायी जा रही है। कटघोरा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने बताया कि छात्र के माता पिता ने अब तक किसी तरह की शिकायत नहीं की है। छात्रावास प्रबंधन की ओर से आये शिकायत के आधार पर रसोईया के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है।

### कोल इंडिया चेयरमैन से मिला प्रतिनिधिमंडल, मिला आश्वासन

**कोरबा।** कोल इंडिया लिमिटेड मुख्यालय में ऑल इंडिया एससी एसटी ओबीसी एम्प्लॉय को-ऑर्डिनेशन काउंसिल के प्रतिनिधिमंडल ने कंपनी के चेयरमैन बी साईंराम से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने चेयरमैन को काउंसिल दर्पण पुस्तक भेंट की। कोल इंडिया व उसकी सभी सहायक कंपनियों से जुड़े लंबित कर्मचारियों के मामले पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में काउंसिल के अध्यक्ष बृजकिशोर राम, पूर्व सांसद बृजमोहन राम, काउंसिल के ओबीसी महासचिव दिलीप कुमार शिवम, उपाध्यक्ष तेजवेंद्र सिंह शामिल थे। अध्यक्ष ने बताया कि चेयरमैन से एससी एसटी व ओबीसी आरक्षण नीति को प्रभावी व पूर्ण ढंग से लागू करने, भर्ती व पदोन्नति में वर्षों से लंबित बैकलॉग रिक्तियों को जल्द भरने, प्रमोशन प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने, कर्मचारी कल्याण व आरक्षण नीति से जुड़े मुद्दों का समाधान करने पर चर्चा हुई। इस पर चयरमैन ने सकारात्मक आश्वासन दिया है।

## गेवरा खदान ने एक दिन में सर्वाधिक कोयला उत्पादन का बनाया रिकॉर्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व की दूसरी बड़ी कोयला खदान गेवरा ओपनकास्ट ने एक दिन के प्रोडक्शन का नया रिकॉर्ड बनाया है। कोल इंडिया लिमिटेड की औद्योगिक कंपनी एसईसीएल की गेवरा ओपनकास्ट खदान ने 25 मार्च को 3,47,132 टन कोयला उत्पादन दर्ज किया, जो गेवरा खदान के इतिहास का एक दिन का सर्वाधिक उत्पादन है। इससे पहले 31 मार्च 2024 को 3,46,583 टन कोयले का उत्पादन हुआ था। गेवरा खदान से 26 मार्च की स्थिति में 54.26 मिलियन टन (एमटी) उत्पादन हुआ। गेवरा खदान का लक्ष्य 63 मिलियन टन है। इधर एसईसीएल ने 26 मार्च की स्थिति में 173.12 मिलियन टन कोयले का उत्पादन दर्ज किया है, जबकि 212 मिलियन टन का उत्पादन टारगेट है।

## आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य को सेवानिवृत्ति पर दी गई विदाई

**जांजगीर-चांपा।** स्वामी आत्मानंद बीडीएम हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव के प्राचार्य अरूण कुमार तिवारी की सेवा निवृत्त के अवसर पर विद्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत सारागांव के अध्यक्ष छविलाल सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष दिलेश्वर राठौर, शाला विकास समिति के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. केशव करियारे, पूर्व अध्यक्ष सुधांशु राठौर, शाला विकास समिति के उपाध्यक्ष राजेंद्र पाण्डेय, वरिष्ठ पत्रकार रविशंकर पाण्डेय, चन्द्रभान राठौर सहित गणमान्य नागरिकों के साथ वरिष्ठ व्याख्याता बी पी पैंकरा, डी पी देवांगन, संदीप पैंकरा व आत्मानंद बीडीएम हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव के समस्त स्टाफ मौजूद थे।



अरूण कुमार तिवारी प्राचार्य स्वामी आत्मानंद बीडीएम हिन्दी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारागांव के रूप में वर्ष 2012 से आज तक यहां रहने का मुख्य कारण बताते हुए स्मृति शेष पूज्य बिसाहूदास महंत के स्मृतियों से जूड़े रहने का स्वार्थ बताया। इससे पूर्व अरूण कुमार तिवारी को जिला स्तर सभी पदों पर कार्य करने का अनुभव है । जिले के एक महत्वपूर्ण गांव नवागढ़ में शिक्षक के पद पर कार्य करने के पश्चात ये शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खोखसा में प्रधानाध्यापक के पद पर करीब छः वर्ष कार्य किये। खोखसा के पश्चात विकास खंड शिक्षा कार्यालय पामगढ़ में सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर अपने दायित्वों का निर्वहन किया। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में उन्होंने जन सम्पर्क, योजना अधिकारी, सहायक संचालक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान एवं विकास खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय अकलतरा में विकास खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर कार्य करने के पश्चात जिला परियोजना समन्वयक राजीव गांधी शिक्षा मिशन जांजगीर चांपा के पद पर भी कार्य किया है। इन्होंने शासकीय कार्यों के अतिरिक्त भारतीय मजदूर संगठन के सहयोगी संगठन राज्य कर्मचारी संघ के विकास खंड ईकाई से लेकर वर्षों तक संघ के जिला अध्यक्ष के पद पर कार्य किया। इसके पश्चात संभागीय अध्यक्ष व प्रदेशाध्यक्ष के पद पर कार्य करते हुए रिटायरमेंट को देखते हुए 11 जनवरी 2026 को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में प्रदेशाध्यक्ष का दायित्व रायपुर सरस्वती शिक्षा संस्थान में प्रदेश अधिवेशन के अवसर पर संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता अश्विनी चेलक को संघ के प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व सौंप दिया था। उसी अधिवेशन में मुख्यमंत्री के द्वारा प्रदेश के कर्मचारी अधिकारियों को 3 प्रतिशत डीए की घोषणा की थी।

## भक्ति और श्रद्धा के संग हुआ सत्संग विहार मंदिर का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



आध्यात्मिक आस्था और उल्लास के माहौल में सत्संग विहार मंदिर का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। देवघर से पधारे पूज्य सिपाही दा ने प्रातः 9:10 बजे विधिवत रूप से मंदिर के पट खोलकर इस पावन स्थल का शुभारंभ किया। उद्घाटन के इस पवित्र अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने एक स्वर में 108 वंदे पुरुषोत्तम की गूंज के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इसी दौरान श्रद्धा और भक्ति के भाव के साथ परम पूज्य श्री श्री ठाकुर अनुकुलचंद्र के तैलचित्र का विधिवत अनावरण किया गया, जिसने पूरे परिसर को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। इसके पश्चात कार्यक्रम का अगला चरण सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल सीतामणी के प्रांगण में आयोजित हुआ, जहां भक्तों द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर प्रभु भक्ति का रसपान किया गया। मधुर भजनों और सामूहिक कीर्तन ने श्रद्धालुओं को भक्ति भाव में सराबोर कर दिया। अंत में सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर कार्यक्रम का समापन किया। इस पूरे आयोजन में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता ने इसे एक ऐतिहासिक और स्मरणीय अवसर बना दिया।

### एसईसीएल मुख्यालय में कल्याण मंडल की बैठक संपन्न

**कोरबा।** एसईसीएल मुख्यालय इंदिरा विहार स्थित बिलासपुर मुख्यालय में कंपनी स्तरीय कल्याण मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक बिरंची दास ने की। बैठक में कल्याण मंडल के सदस्य महेंद्र पाल सिंह, बजरंगी साही, राजेश शर्मा, प्रीतम नाथ पाठक, अमृत लाल , पी. चंद्रकांत सहित मुख्यालय बिलासपुर के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## युवती की फांसी के फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 20 वर्षीय युवती ने अपने घर में फांसी के लगा ली थी। जब परिजनों को पता चला तो परिजन आनन फानन में युवती को फंदे से नीचे उतारकर उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया है। युवती ने किन कारणों के चलते यह आत्मघाती कदम उठाया यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस फिलहाल मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। प्राथमिक जांच के दौरान युवती की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब होने की बात सामने आ रही है। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तुमान निवासी प्रिया कंवर 20 वर्ष पिता सुंदर सिंह कंवर ने घर में फांसी लगा ली थी जब परिजनों ने उसे देखा कि वह फांसी के फंदे से झूल रही है तत्काल उसे फंदे से उसे नीचे उतारा गया और जिला मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत प्रिया को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक प्रिया कंवर की तबीयत पिछले कुछ दिनों से खराब थी लगातार उसके सिर में दर्द हो रहा था और उसे मेडिकल कॉलेज में कुछ दिनों पूर्व भर्ती कराया गया था लेकिन सिर का दर्द ठीक नहीं होने के कारण वह काफी परेशान रहती थी, संभवतः इसी के चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया होगा। फिलहाल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरु कर दी है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम तुमान की घटना

## मालगाड़ी से निकाल रहा था कोयला आया हाईटेंशन तार की चपेट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



कोरबा-चांपा सड़क मार्ग अंतर्गत उरगा थाना क्षेत्र पताड़ी के पास स्थापित और संचालित एक निजी पावर प्लांट के समीप एक हादसा घटित हो गया। बताया जाता है कि एक युवक मालगाड़ी से कोयला निकाल रहा था कि इसी दौरान हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया और बुरी तरह से झुलझ गया है। युवक को जिला मेडिकल अस्पताल में दाखिल कराया गया है जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए बिलासपुर रेफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, पावर प्लांट के आसपास बाहरी राज्यों से आए मजदूर अस्थायी रूप से रहकर पावर प्लांट में कार्य करते हैं। इन मजदूरों को अक्सर मूलभूत सुविधाओं का सामना करना पड़ता है। बताया जा रहा है कि ओमप्रकाश उम्र 20 साल पिता संग्राम सिंह खाना बनाने के लिए कोयला ले गया हुआ था और मालगाड़ी के उपर चढ़कर कोयला निकाल रहा था। इसी दौरान वह ऊपर से गुजर रही 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन के संपर्क में आ गया। तार छूते ही उसे जोरदार करंट लगा और वह बुरी तरह झुलस गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने ओमप्रकाश को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जहां चिकित्सकों ने ओमप्रकाश 70 प्रतिशत तक झुलस जाने के कारण उसे बिलासपुर रेफर कर दिया है।

## बागेश्वर धाम सरकार की कथा में उमड़ा जनसैलाब

# धर्मांतरित लोगों के घर वापसी का ये सही मौका : धीरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री की ढपढप बांकीमोंगरा में आयोजित हनुमंत कथा के दौरान धीरेंद्र शास्त्री ने अपने चिर परिचित अंदाज में हिंदुओं के धर्मांतरण, उनके घर वापसी की बातें कहीं। मंच से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि कोरबा, बिलासपुर, जशपुर और आसपास जिलों में जिनका धर्मांतरण हुआ है, उनके लिए घर वापसी का यह सबसे अच्छा मौका है।

कथा के दौरान बागेश्वर धाम सरकार धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि वेलकम टू माय स्टेज माय डियर यह भी कहा कि अब किसी हिन्दू का धर्मांतरण नहीं होगा। धीरेंद्र शास्त्री की कथा सुनने के लिए हजारों की तादाद में लोग कथा स्थल पर जुटे हुए थे। धीरेंद्र शास्त्री को देखने व उनकी कथा सुनने लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। उनके बोलने के अंदाज के कारण ही अधिक भीड़ जुटती है। धीरेंद्र शास्त्री ने धर्मांतरण पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि अब किसी हिंदू का धर्मांतरण नहीं होगा और हमने तो सुना है कि यहां हालेलुया वालों की संख्या बहुत है। हम 5 दिन तक यहां रहेंगे, 1 अप्रैल तक यहां हैं। इस दौरान उनकी ठठरी मारी जाएगी और जिनको घर वापसी करनी है। उनके लिए यह सबसे अच्छा मौका है. हमारे पास चले आएं। इस हनुमंत कथा का आयोजन अपना घर आश्रम के माध्यम से किया जा रहा है। अपना घर सेवा आश्रम अनाथ और मानसिक तौर पर कमजोर लोगों के लिए एक अनाथ आश्रम की तरह है। धीरेंद्र शास्त्री ने इसके संस्थापक और संचालक राणा की तारीफ की और कहा कि दोनों पति पत्नी बहुत अच्छा काम कर रहे हैं।

जाँजगीर मार्केट

**फर्नीचर**

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट (1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

**आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर**
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021


DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN

छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित

सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकिज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666

समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ

प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# भूत बंगला की चौथी बार बदली रिलीज डेट!

**मुंबई।** हॉरर-कॉमेडी फिल्म भूत बंगला की कई बार रिलीज डेट बदली गई। पहले ये मूवी 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे के मौके पर रिलीज होनी थी। लेकिन, बाद में इसे आगे बढ़ाते हुए 15 मई कर दिया गया। मगर फिर इसमें बदलाव करते हुए नई डेट की घोषणा की गई और बताया गया कि ये अब 10 अप्रैल को बड़े पर्दे पर उतारी जाएगी। हालांकि. अब चौथी बार इसकी तारीख बदली गई, जिसका कारण धुरंधर 2 बताया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब प्रियदर्शन की फिल्म भूत बंगला'17 अप्रैल को रिलीज होगी। पहले इसका ट्रेलर 30 मार्च को आउट होना था, लेकिन अब ये अप्रैल की शुरुआती हफ्ते में जारी किया जाएगा।

## लाइफ Style

# रश्मिका

## रणबाली से लेकर कॉकटेल 2 में आएंगी नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शादी के बाद रश्मिका मंदाना कई बड़ी बजट की फिल्मों में नजर आने वाली हैं। इस लिस्ट में रणबाली से लेकर एनिमल पार्क और कॉकटेल 2 जैसी कई फिल्में शामिल हैं। इन फिल्मों में एक्शन, रोमांस और थ्रिलर देखने को मिलेगा।

रश्मिका मंदाना इन सभी फिल्मों के जरिए अलग-अलग तरह के किरदार निभाने वाली हैं। दर्शक इन फिल्मों की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। 'मैसा' एक तेलुगु एक्शन ड्रामा फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। इस फिल्म में रश्मिका एक गोंड जनजाति की महिला का किरदार निभा रही हैं। उनका किरदार बहुत बेबाक, जोशीला, साहसी और मजबूत इच्छाशक्ति वाला है। इस फिल्म का निर्देशन रवींद्र पुल्ले कर रहे हैं। यह फिल्म गोंड जनजाति की संस्कृति और परंपराओं पर आधारित एक भावनात्मक एक्शन थ्रिलर है। 'रणबाली' एक तेलुगु फिल्म है। इसमें रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिकाओं में हैं। विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी के बाद यह उनकी पहली फिल्म साथ में होगी। 'रणबाली' की कहानी 18वीं सदी की है। यह रायलसीमा क्षेत्र के एक बहादुर स्वतंत्रता सेनानी की कहानी है, जो ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ता है। रश्मिका इस फिल्म में विजय की पत्नी जयम्मा का किरदार निभा रही हैं। 'पुष्पा 3: द रैम्पेज' सुपरहिट 'पुष्पा' सीरीज की तीसरी फिल्म है। रश्मिका मंदाना एक बार फिर श्रीवल्ली के रोल में वापसी करेंगी।




## हॉलीवुड मसाला



# पिंकी एंड द ब्रेन शो से हुए थे मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** एनिमेटर और डायरेक्टर बैरी काल्डवेल ने एनिमेनियाक्स और पिंकी एंड द ब्रेन जैसे पॉपुलर शो बनाए थे। इस बेहतरीन कलाकार ने 68 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। बैरी काल्डवेल ने स्कूल ऑफ विजुअल आर्ट्स से ट्रेनिंग ली थी। 1980 में 'फैट अल्बर्ट एंड द कॉस्बी किड्स' जैसे शो से एनिमेशन की दुनिया में कदम रखा था। आगे चलकर उन्होंने वार्नर ब्रदर्स एनिमेशन, वॉल्ट डिज्नी टेलीविजन स्टूडियो और ड्रीमवर्क्स जैसे बड़े स्टूडियो के साथ काम किया।



# यंगर यू म्यूजिक वीडियो में बचपन की यादें कीं साझा

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर, एक्ट्रेस माइली साइरस टीनएज में शो 'हैना मोंटाना'शो से काफी मशहूर हुईं। इस शो की 20वीं एनिवर्सरी से पहले माइली ने अपना एक म्यूजिक वीडियो लॉन्च किया है। इसमें अपने पुराने दिनों को सिंगर ने याद किया है। माइली साइरस ने इंस्टाग्राम पर अपना म्यूजिक वीडियो 'यंगर यू' शेयर किया। साथ ही फैंस के लिए कैप्शन में एक स्पेशल मैसेज लिखा है। वह लिखती हैं, 'मैं आपके साथ 'हैना मोंटाना'शो के 20 साल पूरे होने का जश्न मनाना चाहती हूं। यह गाना आपके लिए है। उस जिंदगी के लिए शुक्रिया जिसमें हम साथ-साथ बड़े हुए हैं। मैं हमेशा आपसे प्यार करती रहूंगी।' आगे वह लिखती हैं, म्यूजिक वीडियो यंगर यू सामने आ गया है।



# सबसे हॉट रोल के बारे में किया खुलासा


**मुंबई।** कृति सेनन, शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की फिल्म 'कॉकटेल 2' 19 जून को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार है। वहीं हाल ही में कृति ने अभी तक के अपने सबसे हॉट किरदार के बारे में बताया। अभिनेत्री का कहना है कि उनका यह रोल दर्शकों को हैरान कर देगा। हाल ही में कृति सेनन ने बताया कि कॉकटेल 2 में उनका नया लुक दर्शकों को हैरान कर देगा। कृति ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं कॉकटेल 2 पहले से काफी अलग दिख रही हूं। यह शायद अब तक का मेरा सबसे हॉट किरदार है।' कृति ने फिल्म कॉकटेल 2 के डायरेक्टर होमी अदजानिया की तारीफ करते हुए कहा, होमी की सौंदर्य समझ बहुत अच्छी है और वह स्वभाव से बहुत कूल हैं। उन्होंने मेरे अंदर एक ऐसा कूल पहलू निकाला है, जिसके बारे में मुझे खुद भी नहीं पता था।



# शेयर की जन्मदिन की यादगार तस्वीर

**मुंबई।** अमीषा पटेल सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं। अक्सर वे अपनी थ्रोबैक फोटो साझा करती नजर आती हैं। रविवार को उन्होंने अपने जन्मदिन की एक फोटो शेयर की है। यह वर्षों पुरानी तस्वीर है। अपना वह बर्थडे एक्ट्रेस ने सलमान खान के साथ विदेश में सेलिब्रेट किया था। रविवार को अमीषा ने यह थ्रोबैक फोटो साझा की है। इसमें सलमान खान भी नजर आ रहे हैं। यह अमीषा के एक जन्मदिन की यादगार फोटो है, जो लॉस एंजिल्स में मनाया गया था। एक्ट्रेस ने कैप्शन लिखा है, 'लॉस एंजिल्स, यूएसए में मेरे जन्मदिन के जश्न की एक पुरानी याद, जब हम अपने वर्ल्ड टूर पर थे। सलमान के साथ जन्मदिन का सबसे प्यारा केक काटना, जो हमेशा की तरह अपने सबसे प्यारे अंदाज में नजर आए। सलमान खान और अमीषा पटेल काफी अच्छे दोस्त हैं।

## टीवी मसाला



# रिलीज हुआ मटका किंग का टीजर, 17 को होगा प्रीमियर

**मुंबई।** विजय वर्मा अपनी नई सीरीज 'मटका किंग' के साथ ओटीटी पर दस्तक देने वाले हैं। सीरीज का टीजर रिलीज हो गया है। ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो ने इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान किया है। एक मिनट तीन सेकंड के टीजर में दिखाया गया है कि विजय वर्मा एक ऐसे शख्स हैं, जो सट्टेबाज हैं। जुआ से वह मोटा पैसा कमाते हैं और ऐश की जिंदगी जीते हैं। एक सीन में विजय वर्मा मटका लिए नजर आते हैं। टीजर में गुलशन ग्रोवर की भी झलक दिखी है। टीजर जारी करते हुए प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर लिखा है **Pot** को उल्टा लिखने पर **Top** बनता है और एक राजा की जगह वहीं होती है। मटका किंग प्राइम वीडियो पर 17 अप्रैल को रिलीज होगी। इस पोस्ट में सीरीज से जुड़े सेलेब्स को टैग किया गया है। 'मटका किंग' में विजय वर्मा, कृतिका कामरा, साई ताम्हणकर, सिद्धार्थ जाधव और अन्य कलाकार मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके निर्देशक नागराज मंजुले हैं। ये सीरीज 1960 के दशक के बदलते बॉम्बे पर आधारित है। ये कहानी एक कॉटन ट्रेडर के इर्द-गिर्द घूमती है। वह 'मटका' नाम का एक नया जुआ सिस्टम शुरू करता है। वह अमीरों के इस शौक को पूरे देश में फैला देता है।'मटका किंग' के को-प्रोड्यूसर सिद्धार्थ रॉय कपूर ने बताया, 'हमें इस सीरीज की ओर जिस चीज ने सबसे ज्यादा खींचा, वो था इसका बड़े स्तर पर बनाया गया अनोखा वर्ल्ड। इसमें एक ऐसे इंसान की कहानी है, जो तेजी से बदलते समाज में अपनी महत्वाकांक्षा, पहचान और सम्मान के लिए संघर्ष करता है।'

## रजत दलाल ने गुपचुप रचाई शादी

**नई दिल्ली।** बिग बॉस और द 50' जैसे रियलिटी शो में रह चुके रजत दलाल शादी के बंधन में बंध गए हैं। शादी की तस्वीरें खुद रजत ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की हैं। रजत को सेलेब्स और फैंस भी शादी की शुभकामनाएं दे रहे हैं। रजत दलाल ने अपनी पत्नी के साथ कई खूबसूरत फोटोज को इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इन शादी की तस्वीरों में दोनों बहुत खुश नजर आ रहे हैं। एक फोटो में रजत अपनी पत्नी का हाथ थामे हुए हैं, तो वहीं दूसरी तस्वीर में दोनों एक-दूसरे की आंखों में देखते हुए नजर आ रहे हैं। एक तस्वीरें उनकी जयमाला की रस्म की लग रही है। रजत ने अपनी इन शादी की तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, 'जीवन के एक नए पहलू की शुरुआत।'



# अनुराग की फिल्म की लीक हुई तस्वीरें

## साथ नजर आए कार्तिक-श्रीलीला

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन और साउथ अभिनेत्री श्रीलीला एक रोमांटिक फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों कश्मीर में हो रही है। सोशल मीडिया पर इस फिल्म के सेट की कुछ तस्वीरें लीक हो रही है, जो फैंस का दिल जीत रही हैं। सोशल मीडिया पर अनुराग बसु की नई फिल्म की कुछ तस्वीरें इंटरनेट पर लीक हो गई हैं। इन तस्वीरों को कार्तिक और श्रीलीला को एक साथ देखकर उनके फैंस बहुत खुश और उत्साहित हो गए हैं। तस्वीरों में कार्तिक आर्यन, श्रीलीला और डायरेक्टर अनुराग बसु शूटिंग के दौरान बात करते दिख रहे हैं। इस फिल्म की शूटिंग इन दिनों कश्मीर की वादियों में हो रही है। एक तस्वीर में श्रीलीला नीले टॉप और फटी जींस के साथ लाल हिजाब पहने नजर आ रही हैं। वहीं कार्तिक आर्यन उनके पास खड़े नजर आ रहे हैं।



यह फिल्म पहले कई बार टल चुकी है, लेकिन अब लीक हुई तस्वीरों से लग रहा है कि शूटिंग फिर से पटरी पर आ गई है। फिल्म का बड़ा हिस्सा कश्मीर में शूट किया जा रहा है। तस्वीरों में कार्तिक घनी दाढ़ी और लंबे बालों के साथ दिख रहे हैं। यह पहली बार है जब कार्तिक आर्यन और श्रीलीला साथ में स्क्रीन शेयर करेंगे। फिल्म का आधिकारिक नाम और रिलीज डेट अभी तक गुप्त रखा गया है। कार्तिक आर्यन अनुराग बसु की फिल्म के अलावा करण जौहर की फिल्म 'नागजिला' में भी नजर आएंगे। इसके अलावा कार्तिक 'भूल भुलैया' फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म और 'कैप्टन इंडिया' में नजर आएंगे। वहीं श्रीलीला इन दिनों पवन कल्याण की फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में नजर आ रही हैं।

# दीया पर फिल्म फ्लॉप होने के कारण लगा था पनौती का ठप्पा, राजकुमार हिरानी की 'संजू' ने बदली किस्मत

*__नई दिल्ली।__ दीया मिर्जा की फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' आज भी लोगों की पसंदीदा मूवी है। लेकिन, वह बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इस कारण एक्ट्रेस को काम नहीं मिलता था। उन्होंने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में बताया कि कैसे उन्हें 'पनौती' कह दिया गया था और उसके बाद उन्हें काम नही मिल रहा था। लेकिन, जब उन्होंने राजकुमार हिरानी की 'संजू' में काम किया तो उनके कॅरियर में एक अहम मोड़ आया था। दीया मिर्जा ने बातचीत में खुलासा किया कि उन्हें पनौती का टैग दिया गया था। लेकिन, संजू ने उनकी लाइफ बदल दी थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'मुझे ऐसा लगता है कि मैंने अपने बारे में लोगों के मन बनी सोच को बदल दिया और अपनी एक अलग पहचान बनाई। जब मैंने काम करना शुरू किया*



*था तब मेरी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। मुझे याद है कि मुझे एक अच्छा मौका मिलने वाला था लेकिन उसमें बाधा पैदा हो गई थी। मेरी एक तथाकथित बड़ी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इसके कारण काम नहीं मिला। क्योंकि जो लोग मुझे काम देने के लिए लाइन लगाए रहते थे। वो लोग ही आपको अचानक से पनौती और बदकिस्मत समझने लगे थे। तो मैं इन सब चीजों से गुजरी हूं।' जब मैंने*

*काम करना शुरू किया था तब मेरी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। मुझे याद है कि मुझे एक अच्छा मौका मिलने वाला था लेकिन उसमें बाधा पैदा हो गई थी। मेरी एक तथाकथित बड़ी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई थी और इसके कारण काम नहीं मिला। जो लोग मुझे काम देने के लिए लाइन लगाए रहते थे। वो लोग ही आपको अचानक से पनौती और बदकिस्मत समझने लगे थे। तो मैं इन सब चीजों से गुजरी हूं।एक्ट्रेस ने आगे बताया, 'मेरी हमेशा से ही इच्छा थी कि कुछ और करूं। और ऐसा संजू के बाद ही हुआ। मुझे याद है कि मैंने राजकुमार हिरानी को कॉल किया था, जब वह फिल्म की कास्टिंग कर रहे थे। मैंने उनसे साथ पहले भी लगे रहो मुन्ना भाई में काम किया था। तो मैंने उनसे कहा कि प्लीज, मुझे काम दीजिए। मेरे पास कोई काम नहीं है और मैं नए काम की तलाश में हूं। कोई मुझे काम नहीं दे रहा है। आप ये मूवी कर रहे हैं और मैं वादा करती हूं कि मैं स्क्रीन टेस्ट दूंगी। जहां भी आप चाहें लेकिन आप मुझे काम दीजिए। और उन्होंने कहा कि मुझे रणबीर और टीम के बाकी लोगों से बात करने दो, फिर बताता हूं।*

## 'नजर से दूर, दिल से दूर' कहावत को किया गलत साबित

# गुमनामी के अंधेरे से निकलकर इन सितारों ने फिर से लिखी अपनी तकदीर

*__नई दिल्ली।__ बॉलीवुड में वापसी करना आसान है, लेकिन अपनी खोई हुई 'किंगडम' वापस पाना नामुमकिन लगता है। हालांकि शाहरुख खान, सनी देओल और बॉबी देओल जैसे स्टार्स ने हाल के सालों में नामुमकिन को मुमकिन कर दिखाया है। जब ये स्टार्स सालों के 'वनवास' के बाद स्क्रीन पर लौटे तो उन्होंने बॉक्स ऑफिस के सारे पिछले रिकॉर्ड तोड़ दिए। यह रिपोर्ट उन सुपरस्टार्स की कहानी बताती है, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत, सब्र और प्रोजेक्ट्स के सही चुनाव से यह साबित कर दिया कि एक सच्चा स्टार कभी फीका नहीं पड़ता, वे बस सही समय का इंतजार करते हैं। बॉलीवुड की ग्लैमरस दुनिया में 'नजर से दूर, दिल से दूर' का उसूल चलता है। जो दिखता है, वही बिकता है। लेकिन, पिछले कुछ सालों में हिंदी सिनेमा के कुछ हीरो ने वापसी की है और इस कहावत को गलत साबित किया है।*

**शाहरुख :** 2018 की फिल्म 'जीरो' की नाकामी के बाद, शाहरुख खान ने ब्रेक लिया जिससे उनके फैन्स परेशान हो गए. 'किंग खान' चार साल तक बड़े पर्दे से गायब रहे, जिससे लोगों ने कहा कि खान्स का जमाना खत्म हो गया है। 2023 में शाहरुख 'पठान' के साथ लौटे. इसके बाद, 'जवान' और 'डंकी' के साथ, उन्होंने एक ही साल में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया और दुनिया को साबित कर दिया कि 'बादशाह' सिर्फ एक है। इसे बॉलीवुड हिस्ट्री का सबसे बड़ा और सबसे सफल कमबैक माना जाता है।

**सनी :** सनी देओल 90 के दशक के सबसे बड़े एक्शन स्टार थे, लेकिन 2000 के बाद उनकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर वैसा करिश्मा नहीं कर पाईं. उन्हें लगभग दो दशकों तक एक बड़ी सोलो हिट के लिए संघर्ष करना पड़ा। जब 22 साल बाद 2003 में 'गदर 2' रिलीज हुई, तो सनी देओल ने वही 90 के दशक का वाइब फिर से बनाया। तारा सिंह के उनके किरदार ने उन्हें एक मास सुपरस्टार के रूप में फिर से स्थापित कर दिया। 65 साल की उम्र में इतनी शोहरत हासिल करना किसी चमत्कार से कम नहीं था।






**फरदीन :** फरदीन खान आखिरी बार 2010 में 'दूल्हा मिल गया' में दिखे थे। उसके बाद वह पूरी तरह से लाइमलाइट से गायब हो गए। उनका वजन बढ़ना और पर्सनल प्रॉब्लम चर्चा का विषय थीं। 2024 में फरदीन ने 14 साल बाद संजय लीला भंसाली की सीरीज 'हीरामंडी' से कमबैक किया। इसके तुरंत बाद, वह 'खेल खेल में' में दिखे। उनके लुक्स और एक्टिंग की तारीफ हुई और अब वह फिर से बड़े प्रोजेक्ट्स का हिस्सा बन रहे हैं।


**संजय :** संजय दत्त का कॅरियर पिछले कुछ सालों में उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। उनकी कई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास नहीं कर पाईं और हेल्थ प्रॉब्लम्स ने भी उन्हें कुछ समय के लिए स्क्रीन से दूर रखा। 2022 की फिल्म 'केजीएफ: चैप्टर 2' में अधीरा के रोल ने संजय दत्त को खलनायक और अग्निपथ के दौरान मिली ऊंचाइयों पर वापस ला दिया। सालों बाद संजय दत्त ने विलेन के तौर पर ऐसा दबदबा बनाया कि पूरा देश उनका फैन बन गया। उनकी फिल्म 'लियो' (2023), जिसमें थलापति विजय उनके को-स्टार थे, ने भी बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी, जिससे साबित हुआ कि 'संजू बाबा' का चार्म अभी भी कायम है।

**बॉबी :** बॉबी देओल का करियर एक समय खत्म माना जा रहा था। उन्होंने खुद कई इंटरव्यू में माना कि वह सालों तक काम के लिए तरसते रहे और डिप्रेशन में चले गए। उन्होंने 'आश्रम' से अपनी **OTT** जर्नी शुरू की, लेकिन उनका असली राज 2023 की फिल्म 'एनिमल' से आया। सालों के इंतजार के बाद, अबरार के रोल में उनके छोटे से रोल ने उन्हें रातोंरात नेशनल क्रश और लॉर्ड बॉबी बना दिया. आज उनके पास विलेन और लीड रोल, दोनों तरह के कई रोल हैं।

**सुष्मिता :** मिस यूनिवर्स और बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस सुष्मिता सेन ने बीमारी और पर्सनल वजहों से एक्टिंग से 10 साल का ब्रेक लिया था। 2020 में उन्होंने वेब सीरीज 'आर्या' के साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कदम रखा। उनके कमबैक ने न सिर्फ उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड दिलाया, बल्कि यह भी साबित कर दिया कि एक मजबूत एक्ट्रेस के लिए उम्र और जेंडर कोई मायने नहीं रखते। इस सेकंड इनिंग्स में सुष्मिता ने पहले से भी ज्यादा इज्जत और स्टारडम हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### विधायक के प्रयास से सड़कों के विकास के लिए 12 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत



**अकलतरा।** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने की दिशा में बड़ी उपलब्धि सामने आई है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप अर्जुनी–रसेड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग 49 चौक से कोटमी सोनार मार्ग के चौड़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य के लिए जिला खनिज न्यास मद से 7 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इसके साथ ही मुख्य मार्ग बोकरेल से घाटादेही सड़क के लिए 4 करोड़ रुपये तथा बलौदा से नवापारा (ब) मार्ग के निर्माण हेतु 93 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस प्रकार कुल मिलाकर लगभग 12 करोड़ रुपये से अधिक की राशि क्षेत्र के सड़क विकास कार्यों के लिए स्वीकृत हुई है। इन सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी, वहीं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क भी बेहतर होगा। साथ ही स्थानीय व्यापार, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच भी सुगम होगी। विधायक राघवेंद्र सिंह ने बताया कि आने वाले समय में इन सड़कों के विस्तार के लिए भी लगातार प्रयास किए जाएंगे, जिससे क्षेत्र के समग्र विकास को और गति मिल सके।

### इंग्लिश आचार्य में इंग्लिश और अबेकस की नई बैचेस हर सप्ताह

**जांजगीर-चांपा।** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके इंग्लिश आचार्य संस्थान ने विद्यार्थियों के लिए एक नई पहल की घोषणा की है। अब संस्थान में इंग्लिश स्पीकिंग और अबेकस की नई बैचेस हर सप्ताह शुरू की जा रही हैं, जिससे विद्यार्थियों को अपनी सुविधा के अनुसार कभी भी जुड़ने का अवसर मिलेगा। संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को न केवल बेहतर अंग्रेज़ी बोलना सिखाना है, बल्कि अबेकस के माध्यम से उनकी गणितीय क्षमता और मानसिक विकास को भी मजबूत बनाना है। यह कोर्स विशेष रूप से स्कूल छात्रों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं और उन लोगों के लिए उपयोगी है जो आत्मविश्वास के साथ अंग्रेज़ी बोलना चाहते हैं। इंग्लिश आचार्य के प्रशिक्षित और अनुभवी शिक्षक सरल और प्रभावी तरीके से पढ़ाई करवाते हैं, जिससे सीखना आसान और रोचक बनता है। संस्थान में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से कक्षाएं उपलब्ध हैं। इच्छुक विद्यार्थी और अभिभावक जल्द से जल्द अपना पंजीकरण कराकर इस अवसर का लाभ उठा सकते हैं।

### विधायक के प्रयास से देवरी-तनौद-भुईगांव-ससहा मार्ग को 31.45 करोड़ की मिली मंजूरी



**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत विकास को नई गति देते हुए विधायक शेषराज हरवंश के प्रयास से देवरी-तनौद-भुईगांव-ससहा मार्ग लंबाई 17.40 किलोमीटर के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 31 करोड़ 45 लाख 44 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति लोक निर्माण विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा 30 मार्च को जारी की गई। विधायक हरबंश ने बताया कि इस सड़क परियोजना से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़ी इस सड़क के कारण आवागमन बाधित था, विशेषकर बारिश के दिनों में हालात बदतर हो जाते थे। स्कूल, अस्पताल और बाजार तक पहुंचना ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ था। विधायक शेषराज हरवंश के सतत प्रयासों से इस महत्वपूर्ण मार्ग को पहले वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल कराया गया, हालांकि उस समय स्वीकृति नहीं मिल पाई। इसके बाद उन्होंने हार नहीं मानी और वर्ष 2025-26 के बजट में पुनः प्रस्ताव शामिल कराते हुए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए। विधानसभा के बजट सत्र में भी उन्होंने वित्त मंत्री ओपी चौधरी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया, जिसके परिणामस्वरूप अब इस परियोजना को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि प्रशासकीय स्वीकृति के साथ ही अब परियोजना के लिए निविदा प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाएगी। अधिकारियों के अनुसार, टेंडर जारी होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। इस सड़क के निर्माण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि क्षेत्र के सामाजिक और आर्थिक विकास को भी नई दिशा मिलेगी।

### दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी पूरी



**जांजगीर-चांपा।** भगवान भोले नाथ के ग्यारहों रुद्र के अवतारी राम भक्त हनुमान का जन्मोत्सव चैत्र पुर्णिमा गुरुवार को मनाया जाएगा। इस अवसर पर श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस के सामने जांजगीर में दो दिवसीय संकट निवारण मनोकामना दीप प्रज्वलित किया जाएगा। तीन खन्डो में प्रज्वलित होने वाले दीप दान की तैयारी पुर्ण कर लिया गया है। प्राचीन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर जांजगीर नगर का आस्था का प्रमुख केन्द्र है, जहां भक्तो की मनोकामनाऐ पुर्ण होतीहै। बुधवार 1 अप्रैल शाम 7 बजे संकटनिवारण मनोकामना दीप प्रज्वलन किया जाएगा। 2 अपैल गुरुवार को प्रातकाल 4 बजे हनुमान जी का जन्म समय गंगाजल से जलाभिषेक, सिंदुराभिषेक, महाआरती 6 बजे, ध्वजा रोहण 12 बजे, सुन्दरकाण्ड हनुमान चालिसा के प्रत्येक चौपाई के साथ आहूति हवन किया जाएगा। 3 बजे से बजरंग बली कीर्तन मंडली चंदनिया पारा जांजगीर के द्वारा सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ, 6:30 बजे हनुमान जी का सेन्दुराभिषेक, 7 बजे आतिश बाजी के साथ हनुमान जी की महा आरती तथा 8 बजे से सामुहिक सुन्दर काण्ड का पाठ किया जाएगा। मंदिर का पट 31 मार्च मंगलवार प्रातःकाल से 2 अप्रैल रात्रि 12 बजे तक खुला रहेगा।

---

जनप्रतिनिधियों ने दिया समर्थन, कहा जब तक मांग पूरी नहीं होगी जारी रहेगा आंदोलन

# नाव संचालन की अनुमति नहीं मिलने पर नाविकों की क्रमिक भूख हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



अनिश्चितकालीन क्रामिक भूख हड़ताल पर बैठे नाविक।

जप्त नावों को वापस करने एवं बिना किसी रोक टोक के नावों को संचालित करने की मांग को लेकर नाविको के नवगठित संघ द्वारा क्रमिक भूख हड़ताल किया जा रहा है। उनका भूख हड़ताल सोमवर 30 मार्च को भी जारी रहा। नाविक संघ ने नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं सीएमओ पर आरोप लगाया कि उनके द्वारा दुर्भावनावश कुछ चुनिन्दा नावों को जबरन जब्त किया गया है।

महानदी में नाव का सुचारू ढंग से संचालन करने एवं जप्त नाव को तत्काल रिलीज करने की मांग को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल पर बैठे नाविकों ने बताया कि नगर पंचायत 9 मार्च को नावों को जब्त करने की कार्रवाई की गई थी। जिसके बाद नाविक संघ द्वारा बार बार निवेदन करने पर भी उन्हें नावे वापस नहीं किया गया। पंचायत द्वारा नाविकों पर गलत आरोप लगाते हुए कि नावे दुर्घटना की शिकार हो रही है, जिसके कारण नाव जप्ती की कार्रवाई की गई, जिसके विरोध में नाविकों ने क्रमिक भूख हड़ताल का रास्ता चुना है। नाविकों की मांग है कि उन्हें महानदी में नाव का सुचारू ढंग से संचालन करने दे और जप्त नाव को तत्काल रिलीज करें। भूख हड़ताल में बैठे लोगों द्वारा नगर पंचायत के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। भूख हड़ताल के संबंध में नाविकों ने बताया कि 26 मार्च से वे क्रमिक भूख हड़ताल में बैठे हैं। हड़ताल में बैठने के पूर्व नाविक संघ ने जिले के आला अधिकारियों को इसकी लिखित सूचना दी है। अनिश्चितकालीन भूख रोजाना सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक जारी रहता हैं। हड़ताल के दौरान नाविकों की मांग को जायज समझते हुए पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश ने इसका समर्थन किया है। इसके साथ ही कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, कांग्रेस जिला महामंत्री मनोज तिवारी,जिला सचिव गुलजीत गांधी,नगर अध्यक्ष एवं विधायक प्रतिनिधि शिवशंकर सोनी,पार्षद सुधांशु तिवारी,पार्षद ओमप्रकाश साहू आदि लोग हड़ताल में बैठे हैं। धरना में बैठे नाविकों में सागर केशरवानी ने बताया कि पूर्व में जो नावे चलाई जा रही थी उनके पास भी कोई परमिशन का दस्तावेज नहीं है एवं ज्यादातर जो लड़के नाव चला रहे है वे अवयस्क है कुछ लड़के तो नशे में रहते हैं। इसके बाद भी उनको नाव संचालन की अनुमति दी गई है और हमारे नाव चलाने पर कार्रवाई की जा रही हैं। जब तक नाव संचालन की अनुमति नहीं मिल जाती और जप्त नाव को नहीं छोड़ा जाता तब तक यह क्रमिक भूख हड़ताल जारी रहेगी। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा पूर्व में 42 वास्तविक नाविकों को कलेक्टर द्वारा अनुमति प्रदान पश्चात अनेक शर्तों पर नाव चलाने की अनुमति प्रदान की गई थी। पर वर्तमान में नई घटित नाविक संघ बहुत सारे अन्य लोग भी बिना नगर पंचायत की जानकारी के बगैर नाव नदी में उतार दिए हैं जिससे आपस में नावों के टकराने से दुर्घटना होने की स्थिति बन गई। जिस कारण से नईं नाविक संघ के लोगों को नाव संचालन नहीं करने का हिदायत दी गई हैं।

---


बैठक में उपस्थित जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी श्री परसाई एवं कांग्रेस जन।

# अंतिम छोर के व्यक्ति को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने करें काम : परसाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ संगठन सृजन अभियान के तहत सभी ब्लॉक प्रभारियों का हुआ चयन एवं मिला प्रभार

संगठन सृजन अभियान कार्यक्रम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरिशंकर परसाई ने ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रभारियो की बैठक ने ली। बैठक में जिला अध्यक्ष रश्मि गवेल ने बूथ व पंचायत प्रभारी की नियुक्ति के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

इसके पश्चात जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी हरिशंकर परसाई ने कहा कि सभी लोगों तक कांग्रेस की विचार धारा एवं किए गए जनहित कार्यों को पहुंचाना हम सब की जिम्मेदारी है। और अंतिम छोर के अंतिम व्यक्ति तक को कांग्रेस की विचार धारा से जोड़ने का काम करे। उन्होंने सभी प्रभारी एवं अध्यक्ष गण को सभी अपने अधीनस्थ प्रभारियो से सतत संपर्क बनाए रखने की बात कही। सभी प्रभारी एवं अध्यक्ष गण को निर्देश दिए कि जो भी पार्टी से निर्देश दिया जाता है उसे समयावधि में पूरा किया जाना अतिआवश्यक है। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमरसिंह बनाफर, भुनेश्वर चन्द्रा, सक्ती ग्रामीण अध्यक्ष रामप्यारे सिदार, प्रभारी द्वय गिरधर जायसवाल, विजय सूर्यवंशी महामंत्री, राकेश राठौर शहर अध्यक्ष, प्रभारी द्वय घनश्याम देवांगन, पिंटू ठाकुर महामंत्री, श्याम कुमार केवट ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मालखरौदा प्रभारी कुसुम यादव प्रभारी, ब्लाक कांग्रेस कमेटी डभरा प्रभारी द्वय ताराचंद साहू उपाध्यक्ष , ओमप्रकाश पटेल महामंत्री, गोपाल भारद्वाज, अमरसिंह बनाफर, उमाशंकर चंद्रा ,कुशल कश्यप, मधुसूदन साहू , भुनेश्वर चंद्रा रामकुमार राठौर, संतोष सोनी, रामसजीवन देवांगन, दुजराम साह सहित गणेश मांझी उपस्थित थे।

---

# प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भावना होती है विकसित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

**खास बात**

■ भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल का दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न


प्रशिक्षण में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल अकलतरा द्वारा ग्राम अमलीपाली में पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर का प्रथम सत्र उद्घाटन वंदेमातरम गान एवं राजकीय गीत के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। स्वागत उद्बोधन मंडल अध्यक्ष पवन यादव ने किया । इस कार्यक्रम में मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक संरचना तथा आधुनिक तकनीक के उपयोग के विषय में विस्तारपूर्वक सत्र वक्ताओं द्वारा जानकारी प्रदान की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं को समाज सेवा एवं जनसंपर्क के माध्यम से संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ होते हैं और उनके प्रशिक्षण से संगठन को मजबूती मिलती है। प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं में अनुशासन, समर्पण एवं सेवा भावना विकसित होती है, जिससे समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे कार्यकर्ताओं की कार्यक्षमता और नेतृत्व क्षमता का विकास हो सके। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश शुक्ला,महामंत्री सुबोध थवाईत द्वारा किया गया। शिविर गीत ललित सोनी ने लिया। प्रशिक्षण शिविर का समापन प्रदेश उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा चुन्नीलाल साहू की उपस्थिति में हुआ । इस शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष इंजीनियर सत्यलता मीरी,भाजपा नेता इंजी आनंद प्रकाश मीरी,जिला पंचायत सभापति महादेव नेताम,किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रेमसागर कश्यप, महामंत्री जितेंद्र कौशिक, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रभा सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष लुकेश साहू, अनुसूचि जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष रोहित पाटले, अनुसूचित जनजाति मंडल अध्यक्ष गोमती कंवर,पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवि निर्मलकर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नरसिंह बरगाह,सेवा सहकारी समिति भैंसतरा अध्यक्ष पुष्पेंद्र थवाईत, निर्भय साहू हरदी, बूथ अध्यक्ष अमलीपाली सुरेश मौवर, आसाराम पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

---

# ग्राम सभा द्वारा अनुशंसित निष्कर्ष के निराकरण के लिए हुई निकासी बैठक


जानकारी देते एसडीएम एवं उपस्थित सरपंच, रोजगार सहायक, समूह के अध्यक्ष एवं शाला के प्रधान पाठक।

**पामगढ़।** महात्मा गांधी नरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत जनपद पंचायत पामगढ़ में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में वित्तिय वर्ष 2025-26 को 23 ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी नरेगा तथा 3 ग्राम पंचायतो में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना में छग सामाजिक अंकेक्षण इकाई की ग्राम सभा सम्पन्न होने के पश्चात महात्मा गांधी नरेगा सामाजिक अंकेक्षण इकाई नियम 2015 के कंडिका 10 के अनुसार संबंधित ग्राम पंचायतों की ग्राम सभा द्वारा अनुशंसित निष्कर्ष के निराकरण हेतु निकासी बैठक 28 मार्च का आयोजन आर. के. तंबोली अनुविभागीय अधिकारी (रा) पामगढ़ की अध्यक्षता में रखी गई। उक्त निकासी बैठक में मणिशंकर कौशिक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पामगढ़, प्रमोद देवांगन डी.एस.एफ जिला पंचायत जांजगीर, सौरभ शुक्ला कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा) संबंधित 23 पंचायत कमरीद, खरखोद, तनौद, खपरी, कुटराबोड़, कोड़ाभाट, बारगांव, कोसीर, बिलारी, ससहा, डुडगा, चुरतेला, कोहका, पनगांव, झूलन, पकरिया, खरगहनी, महका, जोगीडीपा, मुड़पार (चु), डिघोरा, बोरसी, सिर्री के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक तथा 3 ग्राम पंचातय पनगांव, झूलन, पकरिया के स्व सहायता समूह के अध्यक्ष व सचिव तथा शाला के प्रधानपाठक उपस्थित हुए।

---

# जागरूक वीरांगना बहुउद्देशीय सेवा समिति ने किया प्याऊ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाराद्वार




जागरुकता वीरांगन बहुउद्देशीय सेवा समिति ने भीषण गर्मी को देखते हुए मीरा क्लीनिक में प्याऊ का शुभआरंभ किया। इसके अतिरिक्त अध्यक्ष आकांक्षा सिंह ने फल के महत्व को बताया और सभी सदस्यों ने फ्रूट सलाद का वितरण किया। इस अवसर में लोगों को संबोधित करते हुए डॉक्टर राघवेन्द्र ने बताया कि पुरुषों के शरीर में 60 प्रतिशत और महिलाओं के शरीर में 55 प्रतिशत भाग पानी का है, इसलिए गर्मी में विशेष रूप से ज्यादा से ज्यादा पानी पिए और बॉडी को डिहाइड्रेट होने से रोके तभी हम इस गर्मी में स्वस्थ रह पाएंगे। सुमन सिंह ने कहा कि हमें घड़े का पानी इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि यह केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक ही नहीं बल्कि हमें जमीन से जोड़कर रखता है। कार्यक्रम को सीता सिंघल ने भी संबोधित करते हुए कहा कि भीषण गर्मी और तेज धूप को ध्यान में रखते हुए प्रारंभ की गई इस जनसेवा पहल के तहत राहगीरों एवं आम नागरिकों को ठंडा एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम में विशेष रुप से डॉ. स्वेता सिंह, सचिव वंदना सिंह, वीरांगना पद्ममनी वैष्णव, पायल शर्मा, रंजना अग्रवाल, राधा कलानौरिया, रिंकी सहित जागरुकता वीरांगन बहुउद्देशीय सेवा समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

---

# भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ जैन मंदिर के सामने एवं शास्त्री चौक में किया गया प्रसाद का वितरण


शोभा यात्रा निकालते जैन समाज के लोग।

जैन धर्म के 24 वे तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का 2624 वा जन्म कल्याणक महोत्सव जैन समाज द्वारा धूमधाम से मनाया गया। सुबह 5 बजे नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह 7 बजे जैन मंदिर में भगवान महावीर का जलाभिषेक किया गय।

भगवान की शांति धारा करने का सौभाग्य श्रेयांश जैन, मयूर जैन, सुरेंद्र जैन, डॉ शशांक जैन, रूपेश जैन, मुकेश जैन, मदन जैन, अनी जैन परिवार को प्राप्त हुआ। समाज के लोगों द्वारा भगवान महावीर को पालने में झूलाने के साथ साथ सामूहिक पूजा अर्चना की गई। सुबह 8 बजे जैन मंदिर से गाजे बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा रेलवे फाटक, बजरंग चौक, शास्त्री चौक पोस्ट ऑफिस मार्ग, शास्त्री चौक, आजाद चौक होते हुए वापस जैन मंदिर में पहुंची , शोभा यात्रा के दौरान पुरुषों द्वारा सफेद कुर्ता पैजामा एवं महिलाओं द्वारा पीला वस्त्र धारण किया गया। शोभा यात्रा के दौरान विमान में विराजमान भगवान महावीर की प्रतिमा का जैन समाज के लोगों के साथ नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन, रजनीश गुप्ता, लखन गुप्ता, पप्पू गांधी एवं जैन समाज के लोगो द्वारा अपने-अपने घरों के सामने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। जैन समाज के अध्यक्ष राजेश जैन एवं सचिव रूपेश जैन ने बताया कि भगवान महावीर का जन्म राजा सिद्धार्थ एवं महारानी त्रिशला के पुत्र के रूप में हुआ था। भगवान महावीर ने राज पाठ के सुख एवं वैभव को त्याग कर 30 वर्ष की आयु में वन की ओर गमन किया एवं 12 वर्षों तक कठोर तपस्या की भगवान महावीर ने दुनिया को जियो और जीने दो एवं सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में जैन समाज के उपाध्यक्ष श्रीजीत जैन, विमल जैन, सह सचिव राजा जैन, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन, विजय जैन, प्रफुल्ल जैन, देवेन्द्र जैन, प्रकाश जैन, अभय जैन, रमेश जैन, वीरेंद्र जैन, सुभाष जैन, अजय जैन, सुशील जैन, पंकज दोशी,अरविंद जैन, श्रीनिवास जैन, सुनील जैन, रवि जैन, शरद जैन एवं जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। महावीर जयंती के अवसर पर जैन मंदिर के सामने एवं शास्त्री चौक में प्रसाद का वितरण किया गया।

---

# एनएसएस स्वयंसेवकों ने जगाई जागरूकता की अलख

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ रक्तदान शिविर में स्वयंसेवकों के साथ ग्रामीणों ने बढ़चढ़कर लिया हिस्सा


ग्रामीणों को जागरुकता का संदेश देते स्वय सेवक।


राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत ग्राम बनारी में स्वयंसेवकों द्वारा सेवा, स्वच्छता और सामाजिक उत्तरदायित्व से जुड़ी अनेक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। पूरे दिन चले कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों का उत्साह और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता साफ झलकती रही।

इस दौरान रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एनएसएस के स्वयंसेवकों और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान महादान के संदेश को आत्मसात करते हुए युवाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित किया। इसी दौरान महिला एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा एक स्वास्थ्य जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसमें पोस्टरों के माध्यम से पीसीओडी, पीसीओएस, मासिक धर्म चक्र और महिला स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गईं। बच्चियों के मन से गलत भ्रांतिया दूर की गई। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर ग्रामीण महिलाओं से संवाद किया और उन्हें सही व आवश्यक जानकारी प्रदान कर जागरूक किया।

### स्वच्छता रैली से दिया जागरूकता का संदेश

स्वयंसेवकों ने पूरे गांव में स्वच्छता रैली निकाली। हाथों में पोस्टर और नारों के साथ निकली इस रैली का उद्देश्य ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। स्वच्छ गांव, स्वस्थ जीवन जैसे नारों ने पूरे माहौल को सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। दोपहर के पश्चात स्वयंसेवकों ने गांव के विभिन्न हिस्सों और आंगनबाड़ी केंद्र का सौंदर्यीकरण किया। दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग्स, प्रेरणादायक संदेश और शैक्षिक चित्र बनाकर वातावरण को आकर्षक और शिक्षाप्रद बनाया गया। इस कार्य से न केवल गांव की सुंदरता बढ़ी, बल्कि बच्चों और ग्रामीणों को भी सकारात्मक संदेश मिला। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रहे, जिन्होंने स्वयंसेवकों के इस सराहनीय प्रयास को देखा और कार्यक्रम में सहभागिता निभाई।


online Booking:-www.tripuryatra.com




07 मई, 21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

नेपाल विदेश यात्रा

पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)

नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411